
KanWhizz®
Where the bright future begins
आप
बनें आकर्षक,
दीप्तिमान और सुंदर
RG27™
KanWhizz®



RG27™

KanWhizz®

कैनविज की स्थापना 19 मार्च, 2007 को श्री कन्हैया गुलाटी जी ने की थी जिनके कुशल नेतृत्व, सी.ई.ओ., संस्थापक सदस्यों और मैनेजमेंट टीम के संयुक्त प्रयासों ने कैनविज को आज डायरेक्ट सेलिंग की दुनिया में कभी न मिटने वाली पहचान दी है। आज कैनविज डायरेक्ट सेलिंग के नए मानक स्थापित करके पूरे उद्योग जगत में एक क्रांति पैदा कर चुका है।

कैनविज ग्रुप ये विश्वास करता है कि सपने पूरे करने के लिए आपको एक सबल और महत्वाकांक्षी टीम की जरूरत होती ही है, चाहे वो सपने निजी हों, पारिवारिक या व्यावसायिक। इसी विश्वास के आधार पर आज कैनविज के पास एक लम्बा और सफल अनुभव है, सपनों को हकीकत में बदलने का। आर.जी. 27 ब्रांड के नाम से विस्तृत कॉस्मेटिक, पर्सनल केयर और गोल्ड प्लेटेड ज्वेलरी प्रोडक्ट्स की रेंज को लॉन्च करने के साथ कैनविज अब अपने एक और व्यावसायिक सपने को हकीकत में बदलने जा रहा है। ये प्रोडक्ट्स न सिर्फ आपकी सुन्दरता में चार चाँद लगाते हैं बल्कि पर्यावरण के हानिकारक प्रभावों से भी आपको बचाते हैं।

आर.जी. 27 प्रोडक्ट्स को चुने, उपयोग करें और अपनी जीवनशैली को अपग्रेड करें। आर.जी. 27 प्रोडक्ट्स मतलब, सुन्दरता की एक नयी परिभाषा।



# चेयरमैन की कलम से

**प्रिय मित्रों आपका स्वागत है!**

''इम्पॉसिबल (Impossible)" जैसा शब्द भी कह सकता है कि, आई एम पॉसिबल (I M Possible), तो यह वित्तीय स्वतंत्रता के लिए एक जज़्बे और प्रेरणा से थोड़ा ज्यादा था, जिसने मुझे मार्च 2007 में कैनविज की स्थापा के लिए प्रेरित किया। CEO और पांच संस्थापक सदस्यों के साथ, मैंने कड़ी मेहनत, निष्ठा, अनुकूलनशीलता और उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने वाले चार मूल स्तंभों पर कैनविज की स्थापना की थी। पिछले 12 वर्षों में, कैनविज ग्रुप ने एक लंबा सफर तय किया है और डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री की सकारात्मक छवि बनाने के लिए लगातार अथक प्रयास कर रहा है। कंपनियों के समूह के रूप में, जिस भी जगह हम कार्यरत हैं, वहां देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे समूह के मूल्य अपने कर्मचारियों की खुशी में और अपने ग्राहकों और व्यावसायिक

सहयोगियों से प्राप्त होने प्रशंसा में समाहित हैं। हम कोई काम इसलिए नहीं करते क्योंकि वह चलन में है। हम उसे इसलिए करते हैं क्योंकि हमें विश्वास है कि ऐसा करना सही है।

आज हम जिस भी मुकाम पर हैं, वहां हमें अपनी सफलता का जश्न मनाने में बहुत खुशी हो रही है। कुछ और कहने से पहले, मैं उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूँ जिनकी मेहनत और लगन ने यह मील का पत्थर हासिल करने में मदद की है। हमारी कंपनी का विकास एक कुशल नियोजन और उद्यमशीलता के प्रबंधन पर आधारित है। मैं बीते कल और वर्तमान के अपने कई वफादार व्यवसायिक साथियों की हार्दिक प्रशंसा करना चाहूंगा, जिन्होंने हमेशा कैनविज पर भरपूर विश्वास रखा है। पिछले एक दशक में, दुनिया एक बहुत ही अलग जगह बन गई है। बाजार बदल गया है, अर्थव्यवस्था बदल गई है और निश्चित रूप से तकनीक भी बदल गई है। लेकिन कैनविज में कुछ नहीं बदला है तो वह है, एक उत्कृष्ट डायरेक्ट सेलिंग कंपनी और समूह के साथ काम करने की दृष्टि से पारंपरिक व्यापार मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता। कैनविज समूह के अध्यक्ष के रूप में, मैं सफलता के अगले अध्याय को शुरू करने के लिए उन्हीं मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। सकारात्मक सोच और रणनीतिक विविधीकरण द्वारा समर्थित पारंपरिक, समझदारी भरे और सुगठित व्यवसाय के तरीके अपनाना हमारे भविष्य की कार्य योजना का हिस्सा है।

मैं जब भी पीछे मुड़कर देखता हूं, मुझे कई चुनौतियाँ नजर आती हैं, जिनका हम सभी ने सामना किया लेकिन। उसी समय हमने अपनी सतत वृद्धि के लिए कुछ महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय लिए। मेरा मानना है कि हमारे पिछले उद्देश्यों की महत्वपूर्ण उपलब्धियां, हमारे भविष्य की उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त करती हैं। आज जबकि कैनविज 12 वर्ष का हो गया है, हम एक क्रांतिकारी अवधारणा का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और तंदुरुस्ती (वेलनेस) को बढ़ावा देने के लिए, ग्रीन इंडिया, हेल्दी इंडिया की ओर अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं। क्या यह अविश्वनीय नहीं लगता कि हम जिन चीजों से घिरे हुए हैं वे पूरी तरह से प्राकृतिक हैं? ये असंभव लगता है! वास्तव में नहीं! वेलनेस केवल स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अवधारणा अंदरुनी तंदुरुस्ती और बाहरी शारीरिक स्वास्थ्य तक फैली हुई है, जिसमें हम सब कुछ कुदरती देने की कोशिश करते हैं, फिर चाहे वे – खाद्य पदार्थ, फसलों में इस्तेमाल होने वाले उर्वरक और व्यक्तिगत देखभाल के उत्पाद ही क्यों न हो। हमारी इस 12 वीं वर्षगांठ पर, भव्य उत्सव की शुरुआत अविश्वसनीय नए उत्पादों की रेंज के साथ हो रही है। अपने 15 उत्पादों की वर्तमान रेंज के अलावा, हम 24 नए उत्पाद लॉन्च कर रहे हैं। इसी तरह आर. जी. 27 उत्पाद रेंज में हम 61 उत्पादों की मौजूदा रेंज में 12 नए उत्पाद लॉन्च कर रहे हैं और एग्रीकल्चर रेंज में हम 4 पुराने के अलावा 7 नए प्रोडक्टस लॉन्च कर रहे हैं। इन नए अविश्वसनीय उत्पादों को लॉन्च करने के साथ, मैं एक हरित और सेहतमंद भारत (ग्रीन एंड हेल्दी इंडिया) की दिशा में सकारात्मक क्रांति लाने जा रहा हूं। आइए, इस क्रांति के साथ जुड़कर कैनविज के साथ एक स्वस्थ जीवनशैली के मिशन को मजबूत बनाएं।

हम कैनविज में, सफलता के शिखर तक पहुँचने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक दिन, यह निश्चित रूप से होकर रहेगा। अपने प्रतिस्पर्धी की नजर में हमारी यात्रा सफलता का प्रतीक बन गई है। आज कैनविज समूह के पास डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्रीज में सफलता का एक बहुत समृद्ध इतिहास है, और हमें इस क्षेत्र में अग्रणी स्थान पाने की अपनी प्रतिबद्धताओं पर गर्व है। वर्षों के अनुभव का आधार, नए इनोवेटिव आइडियाज के साथ, कैनविज समूह ने अपनी यात्रा पर अकल्पनीय असफलता के लिए नए रास्ते बनाना हमेशा जारी रखा है। हमारे पास केवल एक ही विकास रणनीति (ग्रोथ स्ट्रेटजी) है, और वह है ''कड़ी मेहनत''। इसलिए हम रुकते नहीं हैं, हम अपना रास्ता खुद बनाते हैं। हम अपने आसपास के लोगों को भी कुछ ऐसा करने के लिए प्रेरित करते हैं। हम दूसरों को उनकी क्षमता तक पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं। हम सफलता को गले लगाते हैं। कैनविज में, अवसरों का सूरज कभी भी अस्त नहीं होता है। आइए, हम स्वयं के विजन और उद्देश्य को आगे ले जाने की शक्ति भरें। आइए, सफलता के रेड कार्पेट को बिछाएं, इस पर चलते जाएं, साथ मिलकर काम करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ आगे बढ़ें। आपकी सफलता हमेशा हम सबकी सफलता को परिभाषित करेगी। परिवर्तन आ रहा है और यह बहुत बड़ा होने जा रहा है। अब सपने 'बड़े' देखने का समय है। मुझे उम्मीद है, आप इसके लिए तैयार हैं।

मैं सभी के लिए स्नेहपूर्ण यादों के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

कन्हैया गुलाटी





## विजन

संकल्पित सपने देखने वाले परिवारों के माध्यम से समाज में एक मूल्यवान अंतर पैदा करना। ऐसे परिवार जो नैतिकता और कड़ी मेहनत को वास्तविक महत्व देते हैं व जिनका लक्ष्य व्यवसाय और संगठन के विकास में अपना स्थायी योगदान देना है।

---

## मिशन

हमारी नींव हमारे मूल्यों पर बनी है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करती है, जो हमें अन्य डायरेक्ट सेलिंग कम्पनियों से अलग करती है। हम हर दिन को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखते हैं और हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करते हैं।



# फैक्ट 01

लम्बे समय तक धूप का सामना करने से त्वचा को नुकसान होता है। धूप में जाने से पहले सनस्क्रीन लगाएं।

# कैनविज आर.जी. 27
## टैन बैन सनस्क्रीन लोशन SPF30+

अब सांवलेपन को कहें अलविदा और खुली धूप में बेफिक्र रहे कैनविज आर.जी. 27 टैन बैन सनस्क्रीन लोशन SPF 30+ के सुरक्षा घेरे में।
टैन बैन सनस्क्रीन लोशन, आपकी नाजुक त्वचा को सूर्य की हानिकारक किरणों (यू.वी.ए. व यू.वी.बी.) के प्रभाव से बचाता है और त्वचा के आवश्यक तेल के स्तर को बनाये रखते हुए, आपकी रंगत को साँवला होने से रोकता है। टैन बैन सनस्क्रीन लोशन हानिकारक किरणों से आपकी त्वचा को होने वाले नुकसान जैसे कैंसर से बचाने के लिए आपकी त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देता है। ये त्वचा की नमी को त्वचा के अन्दर ही लॉक रखता है और त्वचा को सूखने से रोकता है।
टैन बैन सनस्क्रीन लोशन एक डेली स्किन केयर एक्सपर्ट की तरह काम करता है और आपकी त्वचा को जवान बनाये रखता है। यह पैराबेन जैसे केमिकल्स से पूर्णयता मुक्त है और आपकी त्वचा पर कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं डालता है। आप इसका इस्तेमाल हर रोज पूरे विश्वास के साथ कर सकते हैं।

उपलब्धः 50 मि.ली. ट्यूब पैक






# कैनविज आर.जी. 27
## लेमननीम हर्बल फेस वॉश

नीम के एंटी बैक्टीरियल गुण और नींबू के तेल का मिश्रण आपके चेहरे को कीटाणुओं से मुक्त, साफ़ स्वच्छ एंटीसेप्टिक वॉश देता है और त्वचा की गंदगी को साफ करता है। नीम का अर्क आपकी त्वचा की सामान्य सेहत को बेहतर बनाता है, जिससे त्वचा पर होने वाले संक्रमण जैसे फोड़े और मुंहासे का बार–बार होना रुक जाता है।

इसमें समाहित ऐलोवेरा का अर्क आपकी त्वचा को शीतल करने और पुराने धब्बों को हल्का करने में मदद करता है। फेसवॉश का हर्बल कॉम्बिनेशन त्वचा की नमी और तेल के स्तर को संतुलित करता है और इसे स्वच्छ और मुलायम बनाता है।

उपलब्धः 150 मि.ली. ट्यूब पैक



# कैनविज फेस रिवाइव
## फोम फेसवॉश

पूरी तरह से प्राकृतिक कैनविज फेस रिवाइव फोम फेसवॉश के साथ अपने चेहरे को वही दीजिए, जो वास्तव में इसे चाहिए क्योंकि यह प्राकृतिक अर्कों को मिलाकर बनाया गया है। यह आपकी त्वचा के छिद्रों को गहराई से लेकिन कोमलता से साफ करता है, जिससे आपके चहरे पर मिनटों मे चमक नज़र आती है।

कैमोमाइल, ग्रीन टी और विचहेजल जैसे प्राकृतिक तत्व मिलकर एक शक्तिशाली फॉमूला बनाते हैं ताकि आपको स्वच्छ और एक जैसी रंगत मिल सके।

यह एक एस्ट्रिंजेंट के रूप में भी काम करता है और आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को शांत कर ब्लैकहेड्स और ब्रेकआउट्स घटाता है।

कैनविज फेस रिवाइव फोम फेसवॉश सल्फेट और पैराबेन से पुर्णयता मुक्त है और आपके चेहरे की नाजुक त्वचा के लिए 100 प्रतिशत सुरक्षित है।

उपलब्धः 150 मि.ली. पम्प बॉटल



# कैनविज आर.जी. 27
## डीप क्लींजिंग रेडिएंस फेस स्क्रब

हाउस ऑफ कैनविज आपके लिए लेकर आए हैं, आर.जी. 27 डीप क्लींजिंग रेडिएंस फेस स्क्रब, जिसके अन्दर खुबानी और अंगूर के बीज के तेल की खूबियों के साथ अखरोट के खोल के पाउडर की जबरदस्त खूबियाँ भरी हैं। यह प्रभावी स्किन क्लिंजर त्वचा पर बहुत ही कोमलता से काम करता है लेकिन यह त्वचा की खूबसूरती को कम करने वाले डेड सेल्स के मलवे को (जो रोम छिद्रों को बंद कर देते हैं) और चेहरे की त्वचा पर जमी गन्दगी को बेहद कारगर तरीके से साफ करता है। इसमें मौज़ूद सामग्री त्वचा के सेल्स को उत्तेजित करती है ताकि वो पुरानी बेजान त्वचा की जगह पर नयी जवान त्वचा का निर्माण करें और आप हमेशा दिखें जवान, आकर्षक और खूबसूरत। तो फिर देर कैसी, चमकती, दमकती, नई स्वस्थ त्वचा के लिए आज ही इसका इस्तेमाल शुरू कीजिए।

उपलब्धः 60 मि.ली. ट्यूब पैक







# कैनविज आर.जी. 27
## हाइड्रा ग्लो बॉडी लोशन

हाउस ऑफ कैनविज लेकर आये हैं कैनविज आर. जी. 27 हाइड्रा ग्लो बॉडी लोशन जो आपकी त्वचा को गहराई से पोषण देता है और उसकी नमी को बरकरार रखता है। कैनविज हाइड्रा ग्लो बॉडी लोशन के दैनिक उपयोग से आपकी त्वचा के काले दाग–धब्बे तेजी से कम होते हैं। इसमें मौजूद विटामिन ई, त्वचा की कोशिकाओं को फिर से जीवंत करता है और समय से पहले आने वाले झुर्रियों को रोकता है। शिया बटर एक गहरे कंडीशनर के रूप में काम करता है और आपकी त्वचा को गहराई से पोषण प्रदान करता है, जिससे आपको मिलती है जवां, और खूबसूरत त्वचा।

उपलब्धः 300 मि.ली. पम्प बॉटल

# कैनविज आर.जी. 27
## हाइड्रा ग्लो फेस मॉइस्चराइजर

कैनविज आर.जी 27 हाइड्रा ग्लो फेस मॉइस्चराइजिंग लोशन के साथ अपनी त्वचा को हाइड्रेट करके आप उसे प्राकृतिक, जवान चमक प्रदान कर सकते हैं। कैनविज आर.जी 27 हाइड्रा ग्लो फेस मॉइस्चराइजर में समाहित अवयवों को बड़ी सावधानी से चुना गया है क्योंकि ये मिश्रण कई तरह की त्वचा के लिए उपयोगी है।
कैलामाइन से भरपूर मॉइस्चराइजिंग लोशन आपकी त्वचा को शीतल करने के साथ आपकी त्वचा की सौम्यता को भी सुरक्षित रखता है।
सर्दियों में इसका इस्तेमाल अपनी त्वचा की नमी को बरकरार रखने और रूखेपन को हटाने के लिए और गर्मियों में इसका इस्तेमाल तेज घूप में त्वचा की जलन से राहत पाने के लिए करें।

उपलब्धः 50 मि.ली. ट्यूब पैक







# कैनविज आर.जी. 27
## एज – लॉक एंटी रिंकल क्रीम

क्या आपकी अव्यवस्थित जीवनशैली आपकी त्वचा की ऊम्र को तेजी से बढ़ा रही है? क्या आपकी त्वचा पर झुर्रियाँ या काले धब्बे हैं? कैनविज ऐज लॉक एंटी रिंकल क्रीम शुरुआती उम्र बढ़ने के सभी लक्षणों से निपटने में आपकी मदद करती है। इसके तत्व, त्वचा कोशिकाओं की क्षति को रोकते हैं और उन्हें फिर से जीवंत करने में मदद करते हैं। इस क्रीम में मौजूद कैमेलिया ओलीफेरा एक्सट्रेक्ट एक शक्तिशाली एंटी–ऑक्सीडेंट है, जो त्वचा की कोशिकाओं को मरने से रोकता है, और त्वचा के ढीलेपन व झुर्रियों को खत्म करता है तथा बाहरी कारकों से प्रभावित होने वाली आपकी त्वचा की नमी को संतुलित करने में मदद करता है। एंटी–रिंकल क्रीम में मौजूद विटामिन सी व विटामिन ए, कोलेजन संश्लेषण को बढ़ावा देता है, जिससे आपकी त्वचा को पुनर्जीवित होने में मदद मिलती है। इस क्रीम में शक्तिशाली एंटी एजिंग एजेंट रटिनॉल के गुण भी हैं जो त्वचा को सूर्य की खतरनाक अल्ट्रा वायलेट किरणों, यू.वी.ए. से बचाता है।
अपनी त्वचा की ऊम्र को लॉक कीजिए– कैनविज ऐज लॉक एंटी एजिंग क्रीम की मदद से।

उपलब्धः 50 ग्राम जार

# कैनविज आर.जी. 27
## रेडिएंस BB क्रीम

बी. बी. क्रीम को ब्लेमिश बाम या ब्यूटी बाम के नाम से भी जाना जाता है। एस.पी.एफ. 15 जैसे अतिरिक्त लाभों के साथ यह क्रीम एक टिंटेड मॉइस्चराइजर है, जिसमे एंटी–एजिंग गुण भी मौजूद हैं। त्वचा के प्रकार और उसकी विभिन्न आवश्यकताओं को खुद समझते हुए ये क्रीम बेहतर काम करती है, जिसका दैनिक उपयोग आपकी त्वचा को सही पोषण देने में मदद करता है। आर. जी. 27 रेडिएंस बी.बी. क्रीम आपकी त्वचा को धूप में सुरक्षा प्रदान करती है, पिंपल्स को रोकती है, त्वचा की खामियों को ढकती है और उसकी टोन को बढ़ाती है। इस क्रीम का उपयोग हर प्रकार की त्वचा पर किया जा सकता है। कैनविज आरजी 27 बी.बी. क्रीम मतलब सौंदर्य की दुनिया में नया आविष्कार।

उपलब्धः 30 ग्राम ट्यूब पैक







# कैनविज आर.जी. 27
## रेडिएंस चारकोल मास्क

महसूस कीजिए आर.जी. 27 रेडिएंस चारकोल पील ऑफ मास्क की कोमल मगर असरदार शक्तियों को जिसमे मौजूद है एक्टिवेटेड चारकोल पाउडर के गुण जो आपकी त्वचा के रोम छिद्रों से छिपे हुए टोक्सिंस यानि गन्दगी को बाहर खींच निकालता है ताकि आपकी त्वचा साफ, चमकदार और खूबसूरत दिखे। यह पील ऑफ मास्क एलोवेरा के पोषण से भरपूर है जिसका एंटीऑक्सिडेंट गुण हानिकारक फ्री रेडिकल्स को बेअसर करता है और आपकी त्वचा को गहराई से पोषित करता है ताकि आपको मिल सके स्पॉट–फ्री, उज्ज्वल त्वचा। इस पील ऑफ मास्क का नियमित उपयोग रोम छिद्रों को साफ और स्वस्थ रखता है, पिम्पल्स को रोकता है, त्वचा के सांवलेपन को हटाता है, त्वचा को पुनर्जिवित करता है और त्वचा की नमी को बैलेंस करता है।

उपलब्धः 60 ग्राम ट्यूब पैक

# कैनविज आर.जी. 27
## रेडिएंस विटामिन– E सीरम




अगर आप अपनी बेजान त्वचा, झुर्रियों या आंखों के नीचे काले घेरों से परेशान हैं, तो कैनविज आर.जी. 27 रेडिएंस विटामिन ई सीरम के जादुई परिणामों का अनुभव करें। विटामिन ई, विटामिन ए, हयालुरोनिक एसिड और 3 लाभकारी तेलों का एक विशेष संयोजन है आर.जी. 27 रेडिएंस विटामिन–ई सीरम जो खास तौर पर बेजान और रूखी त्वचा को ध्यान में रखकर ही बनाया गया है। जहाँ हयालुरोनिक एसिड अकेला त्वचा की नमी को बढ़ाता है और झुर्रियों में कमी लाता है, वहीं विटामिन ई और हायल्यूरोनिक एसिड की जोड़ी त्वचा को फ्री रेडिकल्स, पर्यावरणीय प्रदूषकों और यूवी किरणों से होने वाले नुक्सान से बचाती है। होहोबा ऑयल, बादाम का तेल और व्हीट जर्म ऑयल, तीनो एक साथ मिलकर आपकी त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करने में मदद करते हैं, जिससे यह कोमल और मुलायम हो जाती है। इस सीरम में विटामिन ए भी मौजूद है जो एक्जिमा और सोरायसिस के लिए एक प्रभावी उपचार है। इस सीरम के जादू से अपनी त्वचा को जवां और दमकती हुई बनाए रखें।

उपलब्धः ड्रॉपर के साथ 10 मि.ली. की बॉटल





# कैनविज आर.जी. 27
## रेडिएंस मेकअप रिमूवर

कैनविज आर.जी. 27 रेडिएंस मेकअप रिमूवर की सफाई की शक्ति का अनुभव करें जो एलो वेरा के पोषण से भरा है। ये स्पॉट–फ्री, उज्ज्वल त्वचा के लिए हानिकारक फ्री रेडिकल्स (मुक्तकणों) को बेअसर करने के लिए प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट और खनिज प्रदान करता है। यह वाटर बेस्ड मेकअप रिमूवर एक्सफोलिएंट्स और अल्कोहल से मुक्त है और ये बड़ी कोमलता से आपके होंठों और चेहरे के मेकअप को जल्दी और प्रभावी ढंग से हटाता है। यह उन अवयवों से भी बिल्कुल मुक्त है, जो आपकी आंखों के आसपास की संवेदनशील त्वचा को नुकसान पहुँचा सकते हैं। यह रिमूवर कोई अवशेष नहीं छोड़ता है, इसलिए आप उपयोग के तुरंत बाद फिर से मेकअप लगा सकते हैं।

उपलब्धः 100 मि.ली.+10N कॉटन पैड



# कैनविज आर.जी. 27
## लिप बॉम SPF15 के साथ

हमारे होंठ की त्वचा, चेहरे के किसी भी अन्य भाग की तुलना में पतली होती है और ये ही वजह हैं की होंठ बदलती हवा, मौसम और तापमान में खुद अपनी रक्षा नहीं कर पाते और सूख व फट जाते हैं। होंठों के फटने पर हमें उनके विशेष ध्यान और देखभाल की आवश्यकता होती है। कैनविज आर.जी. 27 लिप बाम का विशेष, एंटीऑक्सिडेंट फॉर्मूला और विटामिन ई का संयोजन आपके होठों की नमी को बरकरार रखता है और आप के होंठों का रूखापन हटाकर उन्हें चिकना बनाने में मदद करता है। इसके पौष्टिक तत्व आपके होंठों को पर्यावरणीय नुकसान से भी बचाते हैं। यह लिप बाम डर्मेटोलोजिकली व एलर्जीटेस्टेड है और एलोवेरा के पोषण के साथ–साथ ये आपके होठों को एस.पी.एफ. 15 की सुरक्षा भी प्रदान करता है, जिससे आपके होठों को मिलती है हानिकारक यूवी किरणों से सुरक्षा।

उपलब्धः 5 ग्राम स्टिक

# कैनविज आर.जी. 27
## रेडिएंस फेयरनेस क्रीम

एस.पी.एफ. 20 की सुरक्षा के साथ कैनविज आर.जी. 27 फेयरनेस क्रीम एक सौन्दर्य सूत्र है, जो आपकी त्वचा को गोरा और चमकदार बनाता है। यह क्रीम आपको सूरज की खतरनाक किरणों से बचाती है, त्वचा की उम्र को बढ़ने से रोकती है और प्राकृतिक रूप से त्वचा की चमक को बढ़ाती है ताकि आप वास्तविक रूप से गोरे और खूबसूरत दिखें। यह त्वचा की असमान रंगत और काले धब्बों को कम करके त्वचा के गोरेपन को बढ़ाती है। यह क्रीम हानिकारक रसायन जैसे सल्फेट्स और पैराबेंस से पूर्णयता मुक्त है। चेहरे की त्वचा पर इस क्रीम की सहनशीलता को चेक करने के लिए इसे डर्मटोलोजिकली टेस्ट भी किया गया है और विशेष रूप से एशियाई त्वचा, जैसे हमारे देश के लिए डिजाइन किया गया है।

उपलब्धः 60 ग्राम ट्यूब पैक






# कैनविज आर.जी. 27
## फुट क्रीम

पैर आपके शरीर का बहुत अहम् मगर आमतौर पर उपेक्षित हिस्सा होते हैं। एक औसत वयस्क एक दिन में 4000 से 6000 कदम उठाता है जिसके कारण हर दिन आपके पैरों से लगभग आधा लीटर नमी खो जाती है। अगर सही से ख्याल न रखा जाए, तो पैरों के नीचे की त्वचा सूखी और खुरदरी हो जाती है, जो फटी एड़ी का सबसे आम कारण है। सूखी व फटी एड़ी और खुरदरे पैरों से प्रभावी राहत के लिए इस्तेमाल करें कैनविज आर.जी. 27 फुट क्रीम और अपने पैरों को उचित देखभाल दें। इस क्रीम के गुणकारी और प्रभावी तत्वों का प्रभावी फॉर्मूला आपके पैरों की कठिन त्वचा को हाइड्रेट् करता है और उनका तीव्रता से पोषण भी देता है, जिससे आपके पैरों के नीचे की त्वचा की प्राकृतिक नमी बढ़ जाती है। इसका फॉर्मूला राहत देता है और संक्रमण को मिटा कर खुश्क और खुरदरे पैरों में नमी लाता है जिससे दरारें पड़ने का सिलसिला रुकता है और दरारों को भरने में मदद मिलती है।

उपलब्धः 60 ग्राम ट्यूब पैक

# कैनविज आर.जी. 27
## रेडिएंस नाइट क्रीम

यदि आप आर.जी. 27 नाइट क्रीम का उपयोग किए बिना बिस्तर पर सोने चले जाते हैं, तो शायद आप और ज्यादा जवान, कोमल और सुन्दर त्वचा को मिस करेंगे। चूंकि रात प्रदूषण की बाहरी आक्रामकताओं से मुक्त होती है इसलिए रात में क्रीम का प्रयोग त्वचा की वाइटनिंग क्रिया को सुदृढ़ करने के लिए और उसकी असली नमी वापस लाने के लिए एक आदर्श है। इस क्रीम का विशेष और खास तौर पर चुना गया फॉर्मूला मृत सेल्स और कोशिकाओं को हटाता हैं और त्वचा को गोरा बनाता हैं। यह रिच–फीलिंग नाइट क्रीम शुद्ध एलो वेरा, और ग्रेपसीड ऑयल के साथ मिलकर त्वचा को नमी प्रदान करती है और त्वचा को मुलायम, कोमल और जवाँ रखती है। रोज रात में सोने से पहले इस्तेमाल करें आर.जी. 27 नाईट क्रीम और अपनी हर रात को एक स्पॉटलाइट रात में बदल दें।

उपलब्धः 50 ग्राम जार






# कैनविज एसेंशियल
## ऑयल 8 मैजिक

बालों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए, उनको असमय गिरने से रोकने के लिए व उनकी ग्रोथ बढ़ाने के लिए प्रयोग करें कैनविज एसेंशियल ऑयल जिसमे समाहित है 8 तेलों की शक्ति इसका दैनिक उपयोग आपके बालों को रेशमी, मजबूत और चमकदार बनाता है। टी ट्री, ऑलिव, सेडर–वुड, आंवला, विटामिन ई, रोजमेरी, तुलसी और सबल जैसे ऑयल एक्सट्रेक्ट आपके स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने के साथ–साथ आपके बालों की पूरी देखभाल करते हैं, उनको मजबूत और चमकदार बनाते हैं और उन्हें जड़ों से टिप तक पोषण देते हैं। रोजमेरी व तुलसी ऑयल एक्सट्रैक्ट में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो डैंड्रफ जैसे स्कैल्प इन्फेक्शन को रोकते हैं। सबल एक्सट्रैक्ट समय से पहले बालों के झड़ने को रोकता है और उनकी ग्रोथ को बढ़ाता है। अब सोचना कैसा– कैनविज एसेंशियल ऑयल जैसा ऑयल मिलना मुश्किल है।

उपलब्धः 175 मि.ली. फ्लिप टॉप स्लिक बॉटल

# फैक्ट 02
विटामिन और प्रोटीन
से बाल तेजी से बढ़ते हैं।



# कैनविज आर.जी. 27

## स्मूथ–एन–शाइन हर्बल शैंपू

कैनविज आर.जी. 27 स्मूथ एंड शाइन हर्बल शैम्पू खास तौर पर उन लोगों के लिए बना है, जिनको बालों की चमक के साथ एक सौम्य क्लींजर की तलाश है। आर्निका और कैलेंडुला जैसे अद्भुत प्राकृतिक अवयवों के अर्क से बना ये शैम्पू बालों के सतह की गन्दगी को दूर करता है और बालों को मुलायम बनाता है ताकि आपको मिल सके लम्बे, साफ, मज़बूत बाल। आर.जी. 27 स्मूथ एंड शाइन हर्बल शैम्पू आपके बालों को क्लींजर और टोनर दोनों का सही संतुलन प्रदान करता है और ये सभी प्रकार के बालों और दैनिक प्रयोग के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके प्रयोग से बालों की सतह अपने आवश्यक तेलों को नहीं खोती है और ये पी.एच. का संतुलन बनाए रखता है। आज ही अपने घर लेकर आइए।

उपलब्धः 200 मि.ली. ट्यूब पैक







# कैनविज आर.जी. 27

## ग्रोथ एक्सपर्ट नरिश्मेंट शैम्पू

कैनविज आर.जी. 27 ग्रोथ एक्सपर्ट नरिश्मेंट शैम्पू – जैसा नाम बिलकुल वैसा ही काम। इस शैम्पू के नियमित प्रयोग से आपके बालों को समुचित पोषण मिलता है, बाल जड़ों से मजबूत बनते हैं, बालों का असमय गिरना रुकता है और बाल तेजी से बढ़ते हैं। एस.एल.एस. और एस.एल.ई.एस. जैसे हानिकारक तत्वों से पूर्णयता मुक्त इस शैम्पू के प्रयोग से आपको किसी भी तरह की जलन नहीं होती है। बायोटिन, अमीनो एसिड्स, सॉ–प्रोटीन, विटामिन ई और आर्गन ऑयल से भरपूर ये शैम्पू आपके सर की त्वचा और बालों के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। अमीनो एसिड और सोया प्रोटीन कमजोर बालों में ताकत भरते हैं और उन्हें मजबूत और चमकदार बनाते हैं। शक्तिशाली अवयवों का ये खास संयोजन, बालों की वृद्धि को बढ़ाने में मदद करता है और आपके बालों को हर प्रयोग के साथ और भी ज्यादा चमकदार और बाउंसी बनाता है। इसमें मौजूद कॉपर पेप्टाइड नए बालों को पैदा करने में सहयोग देता है और बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है। प्रयोग करें आर.जी. 27 ग्रोथ एक्सपर्ट नरिश्मेंट शैम्पू और अपने बालों में परिवर्तन देखें।

उपलब्धः 100 मि.ली. ट्यूब पैक




# कैनविज आर.जी. 27
## हर्बल हीना (हेयर कलर)

क्या आपके बाल समय से पहले सफेद हो रहे हैं? प्रयोग करें कैनविज आर.जी. 27 हर्बल हिना हेयर कलर– यह एक हर्बल प्राकृतिक उत्पाद है, जो आपके बालों को बड़ी सौम्यता से रंग देता है, साथ ही साथ उनकी कंडीशनिंग भी करता है। इस हर्बल हेयर कलर को भारत के सभी प्रसिद्ध त्वचा विशेषज्ञों, आयुर्वेदिक चिकित्सकों और ब्यूटीशियनों द्वारा प्रयोग किया और सुझाया जाता है। आर.जी. 27 हर्बल हिना हेयर कलर लंबे समय तक टिकने और चलने वाले प्राकर्तिक रंग के साथ आपको देता है 100 प्रतिशत कलर कवरेज, क्योंकि इसका विशेष हर्बल फॉर्मूला अमूल्य प्राचीन आयुर्वेदिक जानकारी पर आधारित है। आर.जी. 27 हर्बल हिना हेयर कलर हानिकारक रसायनों जैसे ब्लीच, पोटेशियम और अमोनिया से 100 प्रतिशत मुक्त है, इसलिए ये आपके बालों के लिए बिलकुल सुरक्षित है। इसमें मौजूद 13 महत्वपूर्ण जड़ी–बूटियाँ आपके सर की त्वचा को पोषित करती हैं और बालों की ग्रोथ को बढ़ाती है। अब कहो, अलविदा! केमिकल कलर।

उपलब्धः 10 सैशे x 10 ग्राम

# कैनविज आर.जी. 27
## स्मूथ–एन–शाइन हेयर कंडीशनर

अपने बालों को जड़ों से टिप तक मॉइस्चराइज कीजिए और उन्हें उलझने और टूटने से बचाइए, अपनाइये कैनविज आर.जी. 27 स्मूथ एंड शाइन हेयर कंडीशनर। इसका पहला उपयोग ही बालों के टूटने और उनकी गाठों को कम करता है क्योंकि इसमें मौजूद है एलो वेरा की शक्ति और पोषण जिससे आपके बाल बनते है मुलायम और रेशमी। शैम्पू के बाद इसका उपयोग करने से आपको उलझन मुक्त बाल प्राप्त करने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद ग्लिसरीन बालों की फ्रिजीनेस को कम करता है जबकि लैनोलिन एक्सट्रेक्ट बालों की जड़ों तक जाकर बालों का विकास करता है। सूर्य की रौशनी, प्रदूषण या धूल के संपर्क में आने पर कैनविज आर.जी. 27 स्मूथ एंड शाइन हेयर कंडीशनर आपके बालों के केराटिन को नुकसान से बचाता है और उनको पोषण देता है। तो आज से ही हर शैम्पू के बाद इसे प्रयोग करें ताकि आपके बाल बने रेशमी और मुलायम, बिना किसी मेहनत और झंझट के।

उपलब्धः 125 मि.ली. ट्यूब पैक



## कैनविज आर.जी. 27
## इमेन्स फ्रेश ऐलोवेरा + नीम सोप

कैनविज इमेन्स फ्रेश एलोवेरा व नीम सोप के साथ शुरुआत करें स्वच्छ और फ्रेश दिन की। त्वचा के अनुकूल एंटी–बैक्टीरियल अवयवों की एक खास खोज है ये सोप, जो गंदगी और प्रदूषकों के खिलाफ अत्यंत प्रभावी है। इसमें मौजूद नीम जिसमें एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–फंगल गुण होते हैं, कीटाणुओं से लड़ता है जबकि एलोवेरा आपकी त्वचा को पोषण देता है और ग्लिसरीन यह सुनिश्चित करता है कि आपकी त्वचा बिना नमी को खोये नरम और चिकनी बनी रहे। इसका गाढ़ा झाग आपके रोम छिद्रों को गहराई से साफ करता है इसीलिए हर उपयोग के बाद आपको मिलती है एक उज्ज्वल, स्वस्थ चमक। इसकी सुखदायक खुशबू हर स्नान के बाद आपके शरीर और मन को तरोताजा करती है।

उपलब्धः 100 ग्राम लाइट ग्रीन कलर्ड बार







## कैनविज आर.जी. 27
## इमेन्स फ्रेश रोज़ सोप

अपने दिन की शुरुआत करें कैनविज इमेन्स फ्रेश रोज सोप के साथ, जिसकी डीप कंडीशनिंग प्रॉपर्टी आपकी त्वचा के रोम छिद्रों को गहराई से साफ करती है और आपके मन और शरीर को भर देती है गुलाब के फूलों की मनमोहक सुगंध से। गुलाब और ग्लिसरीन का अनूठा संयोजन आपकी त्वचा के pH संतुलन को और नमी को बनाये रखता है और आपको देता है चिकनी व कोमल त्वचा। कैनविज इमेन्स फ्रेश रोज सोप का नियमित इस्तेमाल आपकी त्वचा के रोम छिद्रों से गन्दगी को हटाता है, डेड सेल्स को बाहर निकालकर आपको देती है सूखी और रूखी त्वचा से हमेशा के लिए छुटकारा। कैनविज इमेन्स फ्रेश रोज सोप, दूसरा नाम स्वास्थ्य और स्वच्छता का ताकि हर स्नान के बाद आप फ्रेश और ऊर्जावान महसूस करें।

उपलब्धः 100 ग्राम रोज़ कलर बार

# कैनविज जेस्ट हर्बल
## टूथपेस्ट

हर सुबह अपने दिन की सेहतमंद और ताजा शुरुआत करें कैनविज जेस्ट हर्बल टूथपेस्ट से। जेस्ट मतलब गम्स एनामेल स्ट्रेंथेन टीथ। जेस्ट का असरदार एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–फंगल फॉर्मूला आपके दाँतों को कैविटी और कीटाणुओं से दूर रखता है और मसूड़ों को मजबूती देता है ताकि आपके दाँत बने जड़ों से मजबूत और स्वस्थ। खाना खाने के बाद हर बार या सुबह और सोने से पहले जेस्ट हर्बल टूथपेस्ट का इस्तेमाल आपके दाँतों और मसूड़ों को स्वस्थ बनाये रखता है, मसूड़ों को आम बीमारियों से बचाता है, दाँतों के एनामेल को मजबूत करता है और साँस की बदबू को दूर भगाता है। जेस्ट, ताकि आपकी मुस्कान कभी फीकी न पड़े। आपके दाँतों का रक्षक और भरोसेमंद डॉक्टर।

उपलब्धः 100 ग्राम ट्यूब







# कैनविज हैंड रिवाइवर
## सैनिटाइज़र

क्या हर बार साबुन से हाथ धोने के बाद आपके हाथ 100 प्रतिशत जर्म फ्री या कीटाणुरहित हो जाते हैं? नहीं बिलकुल नहीं। सेंटर फॉर डिजीज कण्ट्रोल एंड प्रिवेंशन (सी.डी.सी.) के अनुसार रोगजनक कीटाणुओं को मारने के लिए जीवाणुरोधी साबुन भी अधिक प्रभावी नहीं हैं। कैनविज हैण्ड रिवाइवर सैनिटाइजर के साथ अपने हाथों की स्वच्छता को दें 100 प्रतिशत कीटाणु और जीवाणु रहित सुरक्षा और विश्वास। हैण्ड रिवाइवर सैनिटाइजर में मौजूद अल्कोहल और एलोवेरा, आपके हाथों की नमी को छीने बिना ही आपको पूरी सुरक्षा देता है और आपके हाथों को सैनिटाइज करता है जबकि बेंजालकोनियम क्लोराइड सूक्ष्मजीवों और कीटाणुओं के विकास को (जो वायरल संक्रकण की मुख्य वजह है) उसको रोकता है जिससे कारण ही आप वायरल संक्रमण के शिकार होते हैं। कैनविज हैण्ड रिवाइवर सैनिटाइजर चिपचिपाहट रहित है और दस सेकंड से भी कम समय में आपके हाथों को 100 प्रतिशत सैनिटाइज करता है। न पानी, न साबुन और न तौलिया, फिर भी हाथ स्वच्छ और साफ़। कैनविज हैण्ड रिवाइवर सैनिटाइजर को आज ही अपनी दैनिक स्वच्छता का अनिवार्य हिस्सा बनाएं और निश्चिंत हों जाएँ।

उपलब्धः 60 मि.ली. फ्लिप टॉप कैप बॉटल

# कैनविज इमेन्स फ्रेश
## लाइम लक्ज़री सोप

अपने हर स्नान में लक्जरी का एहसास पाएं, कैनविज इमेन्स फ्रेश लाइम लक्जरी सोप के साथ। नारियल तेल, ग्लिसरीन और नीबू का परफेक्ट संयोजन आपके शरीर को गहराई से पोषण देता है ताकि त्वचा को स्वाभाविक तरीके से फिर से जीवंत किया जा सके। कैनविज इमेन्स फ्रेश लाइम लक्जरी सोप आपकी त्वचा के रोम छिद्रों को गहराई से साफ करता है और त्वचा को नरम और कोमल बनाए रखता है। इसमें मौजूद ग्लिसरीन त्वचा के आवश्यक तेलों को खोने से बचाता है। ये माइल्ड क्लींजिंग सोप आपको देता है पूरे दिन की ताजगी और लाइम की हल्की ताजा खुशबू। ये त्वचा को कोमलता से एक्सफोलिएट करता है, जिससे त्वचा के बेजान सेल्स बाहर निकल जाते हैं और आपकी त्वचा दिखती है ज्यादा साफ और चमकदार। कैनविज इमेन्स फ्रेश लाइम लक्जरी सोप के नियमित उपयोग से त्वचा की आप समस्याओं जैसे मुँहासे और रूखेपन से भी छुटकारा मिलता है। कैनविज इमेन्स फ्रेश लाइम लक्जरी सोप, आपके हर स्नान का अभिन्न हिस्सा।

उपलब्धः 100 ग्राम डार्क ग्रीन कलर्ड बार







# कैनविज इमेन्स फ्रेश
## शावर जेल

सस्ते साबुनों का ज़्यादा और रोजाना इस्तेमाल आपकी त्वचा के आवश्यक तेलों को जो आपकी त्वचा को नरम और कोमल बनाए रखते हैं, त्वचा से बाहर निकाल देता है । अब वक्त आ गया है स्नान के अनुभव को आधुनिक पर सौम्य रूप में बदलने का, कैनविज इमेन्स फ्रेश शावर जेल के साथ। ये शावर जेल आपकी त्वचा को आपके दैनिक स्नान के दौरान एक ताजा, सुखद और न भूलने वाला अनुभव प्रदान करता है। ऑलिव ऑयल व एलो वेरा के गुणों और स्ट्रॉबेरी की खुशबू से भरे शॉवर जेल से नहाना ऐसा अनोखा एहसास है, जो आपको शाम ढलने तक याद रहता है। यह जेल आपकी त्वचा के एसेंशियल ऑयल्स को नष्ट नहीं होने देती है। इसमें मौजूद जैतून का तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करता है, और त्वचा को जवान बनाये रखता है जबकि मेंहदी का अर्क आपकी त्वचा को सूरज की पराबैंगनी किरणों से होने वाले नुकसान से बचाता है। इस जेल का प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण आपकी त्वचा की सतह की अशुद्धियों से छुटकारा पाने में मदद करता है। कैनविज इमेन्स फ्रेश शावर जेल त्वचा को नुकसान पहुँचाने वाले खतरनाक केमिकल्स जैसे पैराबेन और SLS व SLES से पूर्णयता मुक्त है। कैनविज इमेन्स फ्रेश शावर जेल यानी स्नान का आधुनिक, सौम्य और 100 प्रतिशत सुरक्षित तरीका।


उपलब्धः 300 मि.ली. डिस्पेंस बोतल

# कैनविज आर.जी. 27
## हेयर रिमूवल क्रीम

पाएं अनचाहे बालों से आसानी से छुटकारा? अपनाइए! कैनविज आर.जी. 27 हेयर रिमूवल क्रीम और पाएं साफ, चिकनी और सिल्की त्वचा। यह क्रीम न केवल बहुत छोटे और कठोर बालों को आसानी से हटाती है, बल्कि 24 घंटे तक आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज रखने के लिए चिकित्सकीय रूप से सिद्ध है। बाजार में उपलब्ध अन्य क्रीम की तरह ये प्रयोग के बाद कोई बदबू नहीं छोड़ती है, बल्कि आपको देती है, खुशबू का एहसास हर प्रयोग के बाद। कैनविज आर.जी. 27 हेयर रिमूवल क्रीम त्वचा विशेषज्ञों द्वारा टेस्टेड है और पैर, हाथ, अंडरआर्मस और बिकनी लाइन पर इस्तेमाल के लिए उपयुक्त है। सरलता और कोमलता से बालों को हटाने के अनुभव का आनंद लें, कैनविज आर.जी. 27 हेयर रिमूवल क्रीम के साथ।

उपलब्धः 60 ग्राम ट्यूब पैक





**# फैक्ट 03**

पुरुष की त्वचा महिलाओं की तुलना में मोटी होती है।

# कैनविज आर.जी. 27
## अल्ट्रा स्मूथ आफ्टर शेव बाम

हर शेव के बाद पाएं जलन मुक्त, स्मूथ त्वचा, कैनविज आर.जी. 27 अल्ट्रा स्मूथ आफ्टर शेव बाम के साथ। प्रो विटामिन बी–5, विटामिन–ई, कैमोमाइल जैसे तत्व साथ मिलकर, शेव के बाद जलने वाली त्वचा को राहत पहुँचाते हैं और त्वचा का पोषण भी करते हैं। बाम में मौजूद एलोवेरा की एंटीसेप्टिक प्रॉपर्टी शेव के दौरान छिली कटी त्वचा को आराम देती है और कटी जगह को जल्टी ठीक करके कटे के निशान को हल्का करती है। कैनविज आर.जी. 27 अल्ट्रा स्मूथ आफ्टर शेव बाम, अल्कोहल से पूर्णयता मुक्त हैं।

उपलब्धः 75 मि.ली. रोल–ऑन बॉटल







# कैनविज आर.जी. 27
## अल्ट्रा स्मूथ शेविंग जेल

अपनी हर शेव का एहसास बनाए ख़ास, बहुत ख़ास–कैनविज आर.जी. 27 अल्ट्रा स्मूथ आफ्टर शेविंग जेल के साथ। शेविंग जेल के विशेष फ़ॉर्मूले से बना रिच लेदर, सख्त से सख्त दाढ़ी को मुलायम बनाता हैं और बालों को त्वचा से ऊपर उठाता है ताकि शेविंग के दौरान आपका रेज़र आराम से फिसले और आपको मिले आरामदायक और स्मूथ शेविंग का एहसास। इसमें मौजूद विटामिन–ई और एलोवेरा आपकी त्वचा की नमी को बनाये रखते हैं और उसे पोषित भी करते हैं जिससे हर शेव के बाद आपको मिलती है जवां, खूबसूरत और चिकनी त्वचा। कैनविज आर.जी. 27 अल्ट्रा स्मूथ आफ्टर शेविंग जेल, हर प्रकार की त्वचा के साथ–साथ संवेदनशील त्वचा के लिए भी उपयुक्त है।

उपलब्धः 100 ग्राम ट्यूब पैक

# कैनविज ट्रैप ओशन
## ब्लू डियो

अनुभव करें ब्लू ओशन की ऊर्जा और ताजगी का कैनविज ट्रैप– ब्लू ओशन डियो के साथ। इसकी सौम्य खुशबू हर स्प्रे के बाद आपको इसका मुरीद बना देगी। अब धूप में पसीने की बदबू का डर भूल जाएँ क्योंकि ब्लू ओशन डियो का शक्तिशाली फॉर्मूला, आपके रोम–छिद्रों में समाकर कई घंटे तक आपके शरीर की गंध और कीटाणुओं से लड़ता है और आपमें भरता है कभी न खत्म होने वाला आत्मविश्वास। जहाँ दुसरे डियो हो जाएँ फेल, वहां कैनविज ट्रैप– ब्लू ओशन डियो दिखाये अपना कमाल।

उपलब्धः 135 मि.ली. की बोतल (आसानी से ले जाने वाली)







# कैनविज ट्रैप अर्बन
## ब्लिस डियो

अपने दिन की शुरुआत करें जबरदस्त खुशबू और ताजा एहसास के साथ। घर लाएं कैनविज ट्रैप– अर्बन ब्लिस डियो। खास तौर पर बनाया गया डियो जिसका अचूक फॉर्मूला शरीर की जिद्दी से जिद्दी गंध को चुटकियों में दूर भगाता है और आपमें भरता है नया आत्मविश्वास। इसे बगल, गला, बदन या पीठ में इस्तेमाल करें ताकि दिन भर ऐसी महक बनी रहे, जो आपको घर के अंदर और बाहर, हर जगह महकाती रहे। कैनविज ट्रैप– अर्बन ब्लिस, एक ऐसा डियो, जो आपके व्यक्तिगत ग्रूमिंग किट में होना ही चाहिए। कैनविज ट्रैप– अर्बन ब्लिस डियो– यह आपकी त्वचा के लिए खास गिफ्ट है।

उपलब्धः 135 मि.ली. की बॉटल (आसानी से ले जाने वाली)


KRG-001


चुनिए
चमक
के लिए



KRG-002



KRG-003

KRG-004



KRG-005





KRG-006

KRG-007



KRG-008



KRG-009





KRG-010

KRG-011



KRG-012



KRG-013



KRG-014



KRG-015



KRG-016



KRG-017



KRG-018



KRG-019



KRG-020



KRG-021



KRG-022



KRG-023



KRG-024



KRG-025



KRG-026



KRG-027





# जहाँ उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत होती है।


## मुख्य कार्यालय

कैनविज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
P&3/46, दीनदयाल पुरम,
बरेली – 243005 (उत्तर प्रदेश)
टेलीफोन: 8439052030
ई–मेल: service@ Kanwhizz.in

## प्रबंधक कार्यालय

कैनविज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
कृष टावर C&46, विभूति खंड,
गोमती नगर लखनऊ – 226010 (उत्तर प्रदेश)
टेलीफोन: 0522–4303013
ई–मेल: lucknow@ Kanwhizz.in

## पटना

कैनविज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
#34, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड,
पटना – 800001 (बिहार)
टेलीफोन: 7250863266
ई–मेल: patna@ Kanwhizz.in

## गोरखपुर

कैनविज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
HIG 162 B, सिद्धार्थ एन्क्लेव
(पोस्ट ऑफिस के पीछे), तारामंडल,
गोरखपुर – 273017 (उत्तर प्रदेश)
टेलीफोन: 0551–2230622
ई–मेल: gorakhpur@Kanwhizz.in

## रांची

कैनविज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
404, चौथा तल, वसुंधरा मेगा मार्ट,
माही रेस्तरां के सामने, अर्गोरा चौक,
रांची – 834001 (झारखंड)
टेलीफोन: 6202304675
ई–मेल: ranchi@ Kanwhizz.in

## प्रयागराज

कैनविज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
6B/4B/1, A–बेली रोड,
जगराम क्रॉसिंग के पास, कटरा, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)
टेलीफोन: 7380911913
ई–मेल: allahabad@ Kanwhizz.in

https://www.facebook.com/Kanwhizz.Group.of.Companies/ | https://www.instagram.com/kanwhizz_official/

कृपया हमारी वेबसाइट देखें www.kanwhizz.in


उत्पाद की तस्वीर केवल इलस्ट्रेटिव उद्देश्य के लिए है। और यह वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकती है।